इतिहास विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में दिनांक 14 मार्च 2021 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देश अनुसार एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। व्याख्यान का विषय "आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका व योगदान" रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० महेंद्र सिंह बागी (एसोसिएट प्रोफेसर, पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करनाल व भूतपूर्व डिप्टी डायरेक्टर, उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा,पंचकूला) ने अपने विचार व्यक्त किए। यह अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ। सर्वप्रथम इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह व असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डॉ० महेंद्र सिंह बागी ने अपने वक्तव्य में कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री बने थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय जब देसी महाराजा व नवाब दौलत व सत्ता के नशे में थे और स्वतंत्र शासक बनने का स्वप्न देख रहे थे ऐसे समय में पटेल ने सभी देशी राजाओं से देशभक्ति का आह्वान किया। और उनसे कहा कि वे देश की स्वतंत्रता से जुड़े और एक जिम्मेदार शासक की तरह वार्ता करें जो सिर्फ अपनी प्रजा के भविष्य की चिंता करता है। पटेल ने 565 देसी रियासतों का राजनीतिक एकीकरण करके आधुनिक भारत के निर्माण में अत्यंत महत्व भूमिका निभाई इसलिए उन्होंने लोह-पुरुष भी कहा जाता है। अंत में विद्यार्थियों ने इस विषय से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनका मुख्य वक्ता ने संतोषजनक जवाब दिया। इस ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के इतिहास विषय के लगभग 100 विद्यार्थियों लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।